वाणिज्यिक इंटरनेट की उत्पत्ति

[स्रोत: द ट्रिब्यून](#)

- **1 जनवरी, 1983** को **एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी नेटवर्क (ARPANET) से ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल/इंटरनेट प्रोटोकॉल (TCP/IP)** में परिवर्तन ने आधुनिक इंटरनेट को जन्म दिया, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक स्तर पर संचार में क्रांति आ गई है।
- ARPANET, **पहला सार्वजनिक पैकेट-स्विच्ड कंप्यूटर नेटवर्क है**, जिसे **शीत युद्ध के दौरान अमेरिकी रक्षा विभाग** द्वारा संभावित **परमाणु हमलों के दौरान संचार को** सुनिश्चित करने के लिये शुरू किया गया था।
- हालाँकि ARPANET को नियंत्रित करने वाला प्रोटोकॉल, जिसे **नेटवर्क कंट्रोल प्रोटोकॉल (NCP) के रूप में जाना जाता है, वर्ष** 1970 के दशक के अंत तक पुराना हो गया, क्योंकि यह **परस्पर संबंधित नेटवर्कों की बढ़ती जटिलता और विविधता को सहन करने में असमर्थ था।**
- **अमेरिकी इंटरनेट अग्रदूतों, विंटन सर्फ और रॉबर्ट काह्न** द्वारा विकसित TCP/IP ने विविध नेटवर्कों में संचार को मानकीकृत किया, जिससे **स्केलेबल और कुशल डेटा ट्रांसमिशन संभव हुआ।**
- 1 जनवरी 1983 को जिसे **"झंडा दिवस" के रूप में नामित किया गया,** सभी ARPANET प्रणालियों को TCP/IP अपनाना आवश्यक कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप इंटरनेट की उत्पत्ति हुई।
- TCP/IP ने **"नेटवर्कों का नेटवर्क" सक्षम किया,** भौगोलिक, संगठनात्मक और तकनीकी बाधाओं को तोड़ दिया, तथा वैश्विक कनेक्टिविटी को संभव बनाया।
- इस परिवर्तन ने भविष्य की प्रगति की नींव रखी, जिसमें **वर्ल्ड वाइड वेब, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स शामिल हैं।**

और पढ़ें...

[इंटरनेट से संबंधित सभी बातें](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-of-the-commercial-internet